# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजीकृत संख्या : 75–4/II–A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालय : आलमबाग, रोडवेज बस स्टेशन के सामने, (सुजानपुरा) ओम नगर, आलमबाग, लखनऊ

Web : www.lekhpal.wordpress.com, E-mail : lekhpal.up@gmail.com



**रविन्द्र नाथ त्रिपाठी**
प्रदेश अध्यक्ष
सम्पर्क ☎ : 0551–2241716, मो0: 9415548535
पत्राचार : मो0 तिवारीपुर, निकट गायत्री मन्दिर, गोरखपुर

**अवधेश सिंह चौहान**
प्रदेश महामन्त्री
सम्पर्क ☎ : 05872–252057, मो0: 9415172656
पत्राचार : डी.सी. रोड, मो0 सिकटिहा, लखीमपुर–खीरी

* उपाध्यक्ष गण *

**हरदेव शर्मा**
(पश्चिमी जोन)
मो. 09412869499

**राजेन्द्र सिंह कछवाह**
(मध्य जोन)
मो. 09450223683

**पुट्टी लाल यादव**
(पूर्वी जोन)
मो. 09450088433

* कोषाध्यक्ष *

**अमलेश कुमार शर्मा**
मो. 09837062257

* संगठन मंत्री गण *

**कृष्ण कुमार सिंह**
(पश्चिमी जोन)
मो. 09058499749

**सुशील कुमार श्रीवास्तव**
(मध्य जोन)
मो. 09415525914

**इफ्तखार अहमद**
(पूर्वी जोन)
मो. 09450548706

* आडीटर *

**राज किशोर अवस्थी**
मो. 09936642639

* प्रभारी कम्प्यूटर *

**बद्रीनाथ उपाध्याय**
मो. 9450775146


पत्रांक :                                                                                 दिनांक 24-9-15

सेवा में,

मा0 अध्यक्ष महोदय,
राजस्व परिषद, लखनऊ

विषय— **प्रदेश के राजस्व लेखपालों को शासकीय सेवा पर प्रथम ए0सी0पी0/ प्रथम प्रोन्नति वेतनमान के रूप में ग्रेड पे 2400/–रू0 के स्थान पर 2800/–रू0 दिये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

अधोहस्ताक्षरी को निदेश हुआ है कि आपका ध्यान उक्त विषय की ओर आकृष्ट कराते हुए सादर अवगत कराऊं कि लेखपाल संवर्ग का प्रारम्भिक वेतनमान रूपये 5200–20200 ग्रेड–पे 2000/–रू0 है। लेखपाल की 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होने के पश्चात् प्रथम ए0सी0पी0 के रूप में रूपये 2400/– दिया जा रहा है, जबकि राजस्व विभाग में रूपये 2400/– ग्रेड–पे का कोई पद सृजित नहीं है। पूर्व शासनादेश दिनांक 03.06.1989 के प्रस्तर 10 (2) के अनुसार पूर्व के कार्यरत लेखपालों को 10 वर्ष की सेवा पर प्रथम प्रोन्नति पद (राजस्व निरीक्षक) वेतनमान रू0 4500–7000 ग्रेड–पे रू0 2800/– का लाभ मिल रहा है, जबकि वर्तमान छठे वेतन आयोग के वेतन निर्धारण के अनुक्रम में 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होने पर प्रथम ए0सी0पी0/प्रथम पदोन्नति वेतनमान के रूप में ग्रेड पे रू0 2400 का निर्धारण किया जा रहा है, जिससे संवर्ग में काफी असंतोष व्याप्त है। चतुर्थ श्रेणी के कर्मी (चपरासी) एवं तृतीय श्रेणी के कर्मचारी (लेखपाल) को 10 वर्ष की सेवा पर

शेष पृष्ठ–2–पर

समान रूप से एक ही ग्रेड–पे प्रथम ए0सी0पी0/प्रथम पदोन्नति वेतनमान का ग्रेड पे 2400/–रू0 देने का कोई औचित्य नहीं है।

उल्लेखनीय है कि कनिष्ठ सहायक को शासकीय सेवा पर प्रथम ए0सी0पी0/प्रथम पदोन्नति वेतनमान के रूप में ग्रेड पे रूपये 2400 के स्थान पर 2800/–रू0 किये जाने का निर्णय वित्त (लेखा–परीक्षा) अनुभाग उ0प्र0 शासन द्वारा दिनांक 19.08.2015 को (संलग्न छायाप्रति) लिया गया है, जबकि कनिष्ठ सहायक एवं लेखपाल का प्रारम्भिक वेतनमान/ग्रेड–पे वर्तमान समय में एक ही है। पूर्व में कनिष्ठ सहायक का ग्रेड पे 1900/–रू0 एवं लेखपाल का ग्रेड–पे 2000/–रू0 था। ऐसी स्थिति में भिन्न–भिन्न मापदण्ड बनाने का कोई विधिमान व्यवस्था नहीं है। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी (चपरासी) एवं कनिष्ठ सहायक को अगली ए0सी0पी0 के ग्रेड पे को इग्नोर करके क्रमशः रू0 2400/– व रू0 2800/– दिये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है।

**अस्तु महोदय से विनम्र अनुरोध है कि उ0प्र0 शासन के अनुभाग वित्त (लेखा परीक्षा) के पत्र दिनांक 19.08.2015 (संलग्न छायाप्रति) के क्रम में उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए लेखपालों की 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होने पर ए0सी0पी0 के अन्तर्गत ग्रेड पे रूपये 2800 दिलवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करके संस्था को अनुग्रहीत करने की कृपा करें।**

महती कृपा होगी।

भवदीय,

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
1. मा0 प्रमुख सचिव महोदय, (वित्त) उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. मा0 प्रमुख सचिव महोदय, (राजस्व) उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. मा0 आयुक्त एवं सचिव महोदय, राजस्व परिषद उ0प्र0 लखनऊ।

(अवधेश सिंह चौहान)
प्रदेश महामंत्री